12/05/2020

विषय - गृहविज्ञान शिक्षण

प्रकरण - पाठ्यक्रम

B.Ed. Ist Year

(गृह विज्ञान मे अध्ययन हेतु पाठ्यवस्तु)

पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम अंग्रेजी भाषा के 'Curriculum' शब्द का पर्यायवाची है। जिसकी उत्पत्ति लैटिन भाषा के शब्द 'Currere' से हुई है। जिसका अर्थ है - 'दौड़ का मैदान' अर्थात शिक्षा के क्षेत्र में पाठ्यक्रम की तुलना उस दौड़ के मैदान से की गई है, जिसको पार करने वाला या पार करके दौड़ने वाला (विद्यार्थी) अपने गन्तव्य स्थान तक पहुँचता है।

मुनरो महोदय के अनुसार - "पाठ्यक्रम मे वे सभी अनुभव सम्मिलित होते है, जिन्हे शिक्षा के उद्देश्यो की पूर्ति के लिए विद्यालय प्रयोग मे लेता है।"

(Definitions)

① फ्रोबेल के शब्दो मे, "पाठ्यक्रम को मानव जाति के समूचे ज्ञान एवं अनुभव का केन्द्र बिन्दु समझा जाना चाहिए।"

② किलपैट्रिक के शब्दो मे "पाठ्यक्रम छात्रो का उस सीमा तक सम्पूर्ण जीवन है, जिस सीमा तक विद्यालय उसे अच्छा या बुरा मानने का उत्तरदायित्व स्वीकार करता है।

Scanned with CamScanner

(गृह विज्ञान पाठ्यक्रम की आवश्यकता एवं महत्व)

गृह-विज्ञान पाठ्यक्रम के महत्व एवं आवश्यकता को निम्न प्रकार से स्पष्ट किया जा सकता है —

शिक्षा के उन सभी उद्देश्यों की पूर्ति में गृह-विज्ञान की प्रभावी भूमिका है, जिसके कारण उसका ज्ञान सभी के लिए आवश्यक है —

पाठ्यक्रम एवं पाठ्यचर्या



पाठ्य-विवरण या पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम का एक भाग अथवा एक इकाई है, पाठ्यक्रम द्वारा बच्चे के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास किया जाता है, जबकि पाठ्य-विवरण (Syllabus) द्वारा बच्चे के संज्ञानात्मक पक्ष को ही विकसित किया जाता है। पाठ्यक्रम (Curriculum) में पाठ्य-विवरण एकीकृत रहता है।

Continue----

Scanned with CamScanner